12 करोड़ घरों तक पहुंचा टैप से पीने का पानी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: गावों में नल से स्वच्छ पानी की आपूर्ति के लिए संचालित अहम परियोजना जल जीवन मिशन ने मंगलवार को 12 करोड़ घरों तक कवरेज का आंकड़ा पार कर लिया। चार साल पहले जब इस मिशन की शुरुआत की गई थी तब 3.23 करोड़ घरों (16.64 प्रतिशत) में टैप के जरिये जल की आपूर्ति की जा रही थी।

जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार, पांच राज्यों गोवा, तेलंगाना, हरियाणा, पंजाब और गुजरात तथा तीन केंद्र शासित प्रदेशों पुडुचेरी, दमन दीव व दादरा नगर हवेली और अंडमान एवं निकोबार ने जल जीवन मिशन के तहत सौ प्रतिशत कवरेज का लक्ष्य हासिल कर लिया है। इसके बाद हिमाचल प्रदेश (98.35) तथा बिहार (96.05) का नंबर आता है। गोवा, हरियाणा, पंजाब व तीनों केंद्र शासित क्षेत्रों ने हर घर जल को प्रमाणित भी कर दिया है। इसका अर्थ है कि ग्रामीण आबादी ने ग्रामसभा के जरिये टैप से पेयजल की आपूर्ति का सत्यापन कर दिया है।

nwda.gov.in